भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3274
17 दिसंबर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

उत्तर-पूर्व क्षेत्र में सीजीएचएस अस्पतालों को पैनलबद्ध करना

3274. श्री सी. लालरोसांगा:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का उत्तर-पूर्व क्षेत्र के सभी कस्बों/शहरों में, विशेषकर गुवाहाटी में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के तहत और अधिक अस्पताल/सुपर स्पेश्यलिटी अस्पतालों को पैनलबद्ध करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): सीजीएचएस के तहत निजी अस्पतालों को पैनलबद्ध किया जाना एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है। इच्छुक निजी अस्पताल सीजीएचएस की सतत पैनलबद्ध योजना के तहत पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पैनलबद्धता के नियमों और शर्तों को पूरा करने वाले आवेदक अस्पताल योजना के तहत पैनल में शामिल किए जाते हैं।

******